बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020....742 **पटना, दिनांक** :– 12/02/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका के पत्रांक 1074 दिनांक 26.08.2023 द्वारा श्री आर्यन राज, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03111) के विरूद्ध कार्यो में शिथिलता, लापरवाही बरतने के साथ कार्यो में अभिरूचि नहीं रखने एवं विभागीय मापदंड के अनुरूप विशेष सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण नहीं करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 6998 दिनांक 13.09.2023 द्वारा श्री राज से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया है कि इनके द्वारा कार्य पूर्ण कर शिविर कार्यालय में नक्शा जमा कर दिया गया था। साथ ही एक मौका देते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण पर भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 8660 दिनांक 27.10.2023 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 109 दिनांक 01.02.2024 द्वारा मंतव्य दिया गया है कि इनके द्वारा खानापुरी कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं प्रपत्र–06 की इन्ट्री का कार्य किया जा रहा है एवं निदेशालय ज्ञापांक 5966 दिनांक 25.07.2023 के आलोक में प्रक्रमवार विलम्ब अवधि के मानदेय की कटौती गयी है, इसके दृष्टिगत बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य एवं श्री राज द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि बंदोबस्त पदाधिकारी स्तर पर प्रक्रमवार विलंब अवधि के मानदेय की कटौती की गयी है। इसके दृष्टिगत बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में इन्हें चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

साथ ही चूंकि श्री राज द्वारा मंतव्य प्राप्त होने की तिथि तक प्रपत्र–06 की इंट्री का कार्य किया जा रहा है, अतः बंदोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि निदेशालय ज्ञापांक 5966 दिनांक 25.07.2023 के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

12/2/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020....742 **पटना, दिनांक** :– 12/02/2024

प्रतिलिपि :– श्री आर्यन राज, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03111), बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43/2020....742 **पटना, दिनांक** :– 12/02/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43 / 2020...142 **पटना, दिनांक** :–12/02/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/2/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप